अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 3 अक्टूबर 2020

PAGE NO. 07 : BOTTOM

कोरोना योद्धा और मेधावी सम्मानित, छात्रवृत्ति बांटी

स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राममूर्ति की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम

अमर उजाला ब्यूरो

समारोह में मेधावी छात्रा को सम्मानित करते कॉलेज के चेयरमैन।

एसआरएमएस में सम्मानित किए गए मेधावी। अमर उजाला

बरेली। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी राममूर्ति की पुण्यतिथि पर शुक्रवार को एसआरएमएस में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्थान की ओर से कोरोना योद्धाओं को सम्मानित किया गया। छात्रों को स्कॉलरशिप दी गई। चेयरमैन देव मूर्ति ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री और स्वतंत्रता सेनानी राममूर्ति के चित्रों पर माल्यार्पण किया।

इस मौके पर देव मूर्ति ने कहा कि कोरोना महामारी के चलते इस बार कार्यक्रम को भव्यता नहीं दी जा सकी। कोरोना काल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्हें गर्व है कि ट्रस्ट की ओर से सात सौ से अधिक लोगों को रोजाना भोजन के पैकेट दिए गए। चिकित्सा सुविधा भी मुहैया कराई गई। एक हजार से अधिक परिवारों को चिन्हित कर उन्हें राशन दिया गया। संस्थान से अब तक डेढ़ हजार से अधिक कोरोना मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं। इस दौरान संस्थान की ओर से पंद्रह सौ कोरोना योद्धाओं का सम्मान करते हुए उन्हें प्रशंसा पत्र सौंपे गए। प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप की राशि प्रदान की गई। इस मौके पर आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, गुरु मेहरोत्रा, इंजीनियर सुरेश सुंदरानी, प्रोफेसर प्रभाकर गुप्ता आदि मौजूद रहे।